राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर,
जिला सोलन (हि.प्र.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

(2022—2023)

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

27 मार्च 2023

## मुख्य अतिथि

माननीय विनोद सुल्तानपुरी
विधायक, कसौली विधानसभा क्षेत्र

प्रस्तुति

डॉ. अनीता ठाकुर
प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय
धर्मपुर, जिला सोलन (हि.प्र.)

# राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन (हि.प्र.)

## वार्षिक प्रतिवेदन (2022–2023)

राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के गरिमामयी उत्सव के मुख्य अतिथि परम आदरणीय श्री विनोद सुल्तानपुरी, विधायक, कसौली विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथिगण, प्रशासनिक अधिकारी, अभिभावक–प्राध्यापक संघ की कार्यकारिणी के सदस्य, मीडिया प्रभारी– आप सबका मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन करती हूँ, स्वागत करती हूँ । आज के उत्सव के मुख्य अतिथि श्री विनोद सुल्तानपुरी जी के सशक्त एवम् कर्तव्यपरायण व्यक्तित्व से हम सभी भली भाँति अवगत हैं । वे एक जनप्रिय एवं जननायक के रूप में इस क्षेत्र से विजित हुए हैं । महोदय, इस महाविद्यालय के विकास में भी आपका आशीर्वाद व मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा, ऐसी हमारी मनोकामना व आशा है।

मुख्य अतिथि महोदय, अब मैं आपकी अनुमति से सत्र 2022–2023 के अन्तर्गत महाविद्यालय में सम्पन्न विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रही हूँ ।

### महाविद्यालय परिचय

प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण उतुंग गिरि शृंखलाओं से आच्छादित जिला सोलन की कसौली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से 2014 में स्थापित यह महाविद्यालय अद्यतन बी.ई.ई.ओ., धर्मपुर की पुरानी इमारत में ही कार्यशील है । महाविद्यालय का निजी भवन मनोरम मण्डूधार में निर्माणाधीन है ।

### विद्यार्थी संख्या

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में कुल 458 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इनमें 154 छात्र तथा 304 छात्राएँ हैं । कला संकाय में 290 विद्यार्थी तथा वाणिज्य संकाय में 168 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं । शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद, स्वास्थ्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि शिक्षेत्तर गतिविधियों को भी महाविद्यालय में यथासम्भव महत्व दिया जा रहा है ।

## वर्गीकृत विद्यार्थियों की प्रवेश सारिणी (2022–2023)

| संकाय | कक्षा | सामान्य | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | ओ बी सी | | आई आर डी पी | | बी पी एल | | कुल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कला | | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | छात्र | छात्राएँ | |
| | प्रथम वर्ष | 15 | 37 | 22 | 40 | 0 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 38 | 81 | 119 |
| | द्वितीय वर्ष | 9 | 45 | 8 | 29 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 74 | 91 |
| | तृतीय वर्ष | 7 | 29 | 12 | 30 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 20 | 60 | 80 |
| वाणिज्य | प्रथम वर्ष | 16 | 11 | 15 | 16 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 31 | 28 | 59 |
| | द्वितीय वर्ष | 24 | 15 | 10 | 11 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 35 | 26 | 61 |
| | तृतीय वर्ष | 6 | 16 | 7 | 19 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 35 | 48 |

# परीक्षा परिणाम

| संकाय | कक्षा | | |
|---|---|---|---|
| | तृतीय वर्ष | द्वितीय वर्ष | प्रथम वर्ष |
| कला | 97.65 प्रतिशत | 92.13 प्रतिशत | 74.20 प्रतिशत |
| वाणिज्य | 97.50 प्रतिशत | 75.20 प्रतिशत | 75.44 प्रतिशत |

### छात्रवृतियाँ

वर्तमान सत्र में विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में Fresh Applications के अन्तर्गत तीन विद्यार्थी तथा Renewal Applications के अन्तर्गत भी तीन विद्यार्थियों के नाम छात्रवृति के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

## पुस्तकालय

श्रीमती रजनी भारद्वाज के कुशल संचालन में क्रियाशील महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 1243 पुस्तकें संग्रहित हैं । इसके अतिरिक्त चार दैनिक समाचार पत्र व पांच मैग्जीन्स एवं जरनल भी विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा बौद्धिक विकास के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं, विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई–लाईब्रेरी भी स्थापित की गई है ।

## शिक्षक–गैर शिक्षक/कर्मचारी वर्ग

महाविद्यालय में इस समय 13 शिक्षक, 1 पुस्तकालयध्यक्षा तथा 6 गैर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत हैं । लिपिक के दो तथा तबला वादक का एक पद रिक्त है। इस वर्ष जो शिक्षक–गैर शिक्षक/कर्मचारी महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए और उनके स्थान पर जो हमारे महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए उनका विवरण इस प्रकार है:–

**आगमनः–** डॉ. अंजना सूद (अर्थशास्त्र संकाय), प्रो. शिल्पा कोचर (अंग्रेजी संकाय), मेहर चन्द (सेवादार) का इस वर्ष महाविद्यालय में आगमन हुआ ।

**प्रस्थान** :– प्रो. रेनू बाला (अर्थशास्त्र संकाय), डॉ. अनुपमा पाठक (अंग्रेजी संकाय), श्री विक्रांत ठाकुर ( लिपिक), श्री मदन लाल (सेवादार) का महाविद्यालय से स्थानांतरण हुआ तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेश यादव ने स्वैच्छिक सेवानिवृति ली ।

## अभिभावक–प्राध्यापक संघ

महाविद्यालय में अभिभावकों, छात्रों एवं महाविद्यालय के प्रशासन के मध्य समुचित समन्वय स्थापित करने एवं महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्ती भूमिका का निर्वहन करने के लिए विगत कई वर्षों से यह संघ कार्यरत है।

वर्तमान सत्र में इस संघ का गठन प्राचार्य एवं सरंक्षक डॉ. राजेश यादव की अध्यक्षता में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी चयनित किए गए:–

अध्यक्ष – श्री लीला दत

उपाध्यक्ष – डॉ. अनुपमा पाठक

सचिव – प्रो. कृष्णा प्रकाश

संयुक्त सचिव – श्रीमती पूनम

कोषाध्यक्ष – डॉ. संजीव कुमार

इस सत्र में इस संघ ने महाविद्यालय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से जो निर्णय लिए, उनका विवरण इस प्रकार से है –

- विद्यार्थियों की सुविधा के लिए रु. 3,40,500/ की लागत से 100 बैंच खरीदे गए ।
- पुस्तकालय में एक लाख की लागत से विभिन्न विषयों की पुस्तकें खरीदी गईं।

मैं संघ का यथाअवसर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करती हूँ।

## प्रयास पत्रिका

महाविद्यालय की शैक्षणिक–सांस्कृतिक तथा खेल–सम्बन्धी संक्षिप्त गतिविधियों का दर्पण तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की कलात्मक अभिव्यक्ति का मंच है, महाविद्यालय की वार्षिक **प्रयास** पत्रिका । विभिन्न भाषाओं, अनुभागों एवं विद्यार्थियों की भाव–कल्पनाओं के इन्द्रधनुषी शब्द–रंगों से चित्रित, सुसज्जित एवं सुशोभित पत्रिका महाविद्यालय की अनुपम अस्मिता है। इस पत्रिका की मुख्य सम्पादिका का कार्यभार डॉ. अनीता ठाकुर के पास है ।

## महाविद्यालय की उपलब्धियाँ:–

- महाविद्यालय में प्राचार्य के प्रयासों से transformer के लिए रुपये 13,36,209 तथा नये भवन के निर्माण के लिए रुपये 4,65,33,000 शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से स्वीकृत हुए हैं।
- महाविद्यालय में रोड़ सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. पी. डी. कौशल ने पुणे में एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
- बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र अजय कुमार तथा छात्रा प्रतीक्षा ने राज्य कला एवं संस्कृति विभाग, शिमला द्वारा हिन्दी दिवस पर गेयटी थियेटर में आयोजित निबंध – लेखन तथा संभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस संभाषण प्रतियोगिता में प्रतीक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- 14 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय के छः मेधावी छात्रा–छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में हि.प्र. सरकार द्वारा प्रायोजित मोबाईल फोन वितरित किए गए।
- आबकारी और कराधान विभाग, सोलन द्वारा L.R. Institute में आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सृष्टि ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- विश्व खाद्य दिवस पर "Leave no one behind" विषय पर SILB Institute में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय की दो छात्राओं–प्रतीक्षा तथा शीतल ने तथा चित्रकला प्रतियोगिता में दिया ठाकुर तथा प्रिंस मसीह ने भाग लिया।

## महाविद्यालय की प्रमुख गतिविधियाँ:–

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अनेक शैक्षिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिनका विवरण इस प्रकार है:–

## आज़ादी का अमृत महोत्सव समिति:

समिति द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत डॉ. अनीता ठाकुर के संयोजन में 6–15 अगस्त 2022 के मध्य विभिन्न गतिविधियों–स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों पर चित्र प्रदर्शनी, पोस्टर व नारा–लेखन, निबंध–लेखन, गीत एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठरू

समन्वयक डॉ. अंजोरी शर्मा के नेतृत्व में कार्यरत इस प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए Cyber जागरुकता के अंतर्गत पोस्टर–मेकिंग और नारा–लेखन प्रतियोगिता के अतिरिक्त विभिन्न interactive sessions का आयोजन किया।

## इको क्लबः

विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए संगठित इको क्लब ने प्रो. दीपिका के संयोजन में सामुदायिक कॉलेज पहल कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण महाभियान में भाग लिया तथा विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य पर "Only One Earth" नामक विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत समूहः–

डॉ. पी. डी. कौशल के संयोजन में सितंबर 2022 को एक भारत श्रेष्ठ भारत समूह का गठन किया गया जिसका उद्देश्य दो राज्यों– हि. प्र. और केरल की सांस्कृतिक विविधता में एकता को सुनिश्चित करना है।

## कैरियर परामर्श प्रकोष्ठः

समन्वयक डॉ. अंजोरी शर्मा के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर चयन के लिए समय–समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहा है, जिनमें महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक तथा विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों से आए हुए वक्ताओं ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए सही कैरियर चयन करने के लिए अपने सुझाव और अनुभव साझा किए।

## महिला प्रकोष्ठः

डॉ. अनीता ठाकुर के संयोजन में महिला प्रकोष्ठ छात्राओं के अधिकार व समस्याओं के प्रति अत्यन्त संवेदनशीलता से क्रियाशील है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर प्रकोष्ठ द्वारा कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## नशा– विरोधी प्रकोष्ठः

समन्वयक प्रो. कृष्णा प्रकाश के निर्देशन में सक्रिय इस प्रकोष्ठ द्वारा नशा–मुक्ति अभियान के अंतर्गत भाषण और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय को "Tobacco Free Educational Institute" घोषित करने के लिए स्मारक संकेत अंकित किए गए।

## रेड रिबन क्लबः

महाविद्यालय में डॉ. अंजना सूद के संयोजन में गठित इस क्लब द्वारा "Anaemia and Importance of Good Life Style" विषय पर एक जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त इस क्लब द्वारा 'स्वास्थ्य एवम् स्वच्छता' विषय पर भी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## सड़क सुरक्षा क्लबः–

समन्वयक डॉ. पी.डी. कौशल के कुशल निर्देशन में गठित इस क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को सडक–सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करते हुए क्लब के समस्त विद्यार्थी सदस्यों को 'Chest Badges' आवंटित किए गए।

## वोटर साक्षरता क्लबः–

20 अगस्त, 2022 को डॉ. पी.डी. कौशल के नेतृत्व में इस क्लब को गठित किया गया। इस क्लब द्वारा युवा वोटरों को उनके अधिकारों के बारे जागरुक करने के लिए कैम्प एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## खेलकूद गतिविधियाँ

शरीर मन और आत्मा में सामंजस्य स्थापित करने के लिए जीवन में खेल– गतिविधियाँ भी आवश्यक हैं, जिनके प्रति युवा वर्ग सहज आकर्षित होता है। 18 मार्च, 2023 को महाविद्यालय की Annual Athletic Meet आयोजक–सचिव डा. पी.डी.कौशल के तत्वावधान में सम्पन्न हुई जिसमें कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस Meet में अनेक एथलेटिक प्रतिस्पर्धाओं– 100, 400 मीटर दौड, Shot Put, Long Jump तथा Javelin Throw में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई । इन प्रतिस्पर्धाओं में पुरुष वर्ग में बी.ए. प्रथम वर्ष के दीपक पुंडीर तथा महिला–वर्ग में बी.ए. द्वितीय वर्ष की सिमरन को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया।

## महाविद्यालय में सम्पन्न कुछ अन्य गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:

- नया सत्र प्रारम्भ होते ही प्राचार्य डॉ. राजेश यादव तथा डॉ. अनीता ठाकुर द्वारा विद्यार्थियों की orientation-cum-counselling की गई ।
- रेड रिबन क्लब एवम् स्वास्थ्य विभाग ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर संयुक्त रूप से 'HIV रोकथाम अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया ।
- "Special Summary Revision, 2022" अभियान के तहत 8 सितम्बर, 2022 को एस.डी. एम. कसौली श्री धनवीर ठाकुर ने महाविद्यालय का दौरा किया तथा मतदान के महत्व को समझाते हुऐ छात्रा–छात्राओं के साथ अपने विचार साझा किए।
- 14 सितम्बर, 2022 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर भाषण एवम् वर्तनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 9 नवम्बर, 2022 को वोटर साक्षरता क्लब ने निर्वाचन आयोग के सहयोग और निर्देशों का पालन करते हुए कविता पाठ एवम् गीतों के माध्यम से छात्रा–छात्राओं को मतदान के समय किए गए वादों की विवेचना करने के लिए प्रोत्साहित किया ।
- 15 नवम्बर, 2022 को जियो कम्युनिकेशन्स के मुख्य प्रबंधक श्री मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को उनके संगठन द्वारा उपलब्ध करवाए जाने वाले रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी।
- 22 नवम्बर, 2022 को प्राचार्य डॉ. राजेश यादव की उपस्थिति में CSCA सदस्यों को शपथ दिलाई गई ।
- युवा टूरिज़्म क्लब ने लोकल टूरिज़्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 23 नवम्बर, 2022 को 'My Village, My Pride' थीम पर छायाचित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया।

- रोड सेफ्टी क्लब द्वारा युवाओं को जागरुक करने के लिए 12–17 दिसम्बर के मध्य रोड सेफ्टी सप्ताह मनाया गया जिसमें पोस्टर निर्माण, भाषण, प्रश्नोत्तरी जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- 3 मार्च, 2023 को MSME, Solan द्वारा छात्रा–छात्राओं को उद्यमिता जागरुकता प्रोग्राम के माध्यम से सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली सहायता के बारे में जागरुक किया।
- नशा विरोधी प्रकोष्ठ ने 9 मार्च को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सोलन के सहयोग से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरुक करने के लिए e-pledge दिलवाई तथा "Say yes to life and no to drugs" थीम के तहत छात्रों को pamphlets वितरित किए गए।
- 21 मार्च, 2023 को महाविद्यालय के कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ ने D.C. Office के तत्वावधान में कौशल विकास निगम, सोलन के सहयोग से छात्रों को सही कैरियर चयन से संबधित जानकारी दी गई ।

महोदय, महाविद्यालय की ये समस्त उपलब्धियाँ एवम् गतिविधियाँ प्राचार्य प्रोफेसर राजेश यादव के निदेशन में संपन्न हुई हैं।

## शिक्षक वर्ग की उपलब्धियाँ:

डॉ अनीता ठाकुर ने रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "Blended Learning: Concepts and tools" (12–18 जुलाई, 2022), "NEP-2020: New trends in Higher Education" (29 अगस्त – 4 सितम्बर, 2022) विषय पर online आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम को A⁺ Grade सहित सफलतापूर्वक पूरा किया।

- रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा हिन्दी विषय पर आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को A⁺ Grade सहित सफलतापूर्वक पूरा किया।
- Peer – reviewed refeerred Journal' 'समागम' के विभिन्न अंको में चार शोधपत्र "स्वस्वरूप का अनुसंधान ही भक्ति",(जुलाई) "तुलसीदास के रामचरित मानस में राम का स्वरूप",(अगस्त), "कहानी अठन्नी: स्त्री अस्मिता के विविध रूप, (नवम्बर)," वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी की स्थिति, (जनवरी, 2023) प्रकाशित हुए।

डॉ अंजोरी शर्मा ने रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "Digital Security in Classroom" विषय पर Online आयोजित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम (4–10 अप्रैल ,2022) को सफलतापूर्वक संपन्न करते हुए A+ Grade प्राप्त किया।

- "Advanced Research Methodology" विषय पर रामानुजम कॉलेज द्वारा Online आयोजित द्वि साप्ताहिक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को A⁺ Grade सहित सफलतापूर्वक पूरा किया।
- Social Development and Public Utility Services: A study of Hamirpur district of Himachal Pradesh" विषय पर Online International Interdisciplinary Research Journal में लेख प्रकाशित किया।

डॉ. पी.डी. कौशल ने चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा "Future of Learning" विषय पर आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में भाग लिया।

प्रो. कृष्णा प्रकाश ने रामानुजम कॉलेज द्वारा Online अयोजित संकाय विकास कार्यक्रम (1–7 फरवरी, 2023) को A⁺ Grade सहित सफलतापूर्वक पूरा किया।

डॉ बबिता ने HRDC हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा "Research Methodology For Social Sciences" विषय पर Online आयोजित (9–21 मई, 2022) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम को A Grade सहित सफलतापूर्वक पूरा किया।

- महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में "Community Media as a source of Information and Development" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- Centre of Excellence, राजकीय महाविद्यालय संजौली, शिमला द्वारा आयोजित (23–24 दिसम्बर, 2023) राष्ट्रीय सेमिनार में "Digitalisation of Marketplace" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो. दीपिका ने SCERT, Solan द्वारा आयोयित छः दिवसीय (17–22 अक्तूबर, 2022) क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

- Mohammed Sathak College of Arts and Science, चेन्नई द्वारा "Ethics in Research and Publication" विषय पर आयोजित (21–27 सितंबर, 2022) अंतरराष्ट्रीय आभासी संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।
- ए. वी. पी. कॉलेज, तिरूपुर, तमिलनाडू द्वारा online आयोजित सम्मेलन (18–19 फरवरी, 2023) में "Life – Narratives From the Margins" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. संजीव कुमार ने रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन आयोजित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

प्रो. शिल्पा कोचर ने रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "Advanced Research Methodology" विषय पर आयोजित द्वि साप्ताहिक (22 अगस्त–5 सितंबर, 2022) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

श्रीमती रजनी भारद्वाज ने INFLIBNET सेन्टर, गुजरात द्वारा आयोजित "Soul 3.0 Installation and Operations" विषय पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

## महाविद्यालय की अपेक्षाएँ:

महोदय, महाविद्यालय में बढ़ती छात्रा–छात्राओं की संख्या तथा सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में विस्तार को ध्यान में रखते हुए निजी भवन निर्माण कार्य में तेजी लाने में आपका सहयोग अपेक्षित है ताकि समस्त गतिविधियों का सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो सके। महाविद्यालय में Physical Education के प्रवक्ता पद की भी आवश्यकता है ताकि खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सके। महोदय, मैं सहर्ष आपको बताना चाहती हूँ कि महाविद्यालय को हाल ही में NSS की डेढ़ इकाई की स्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा नव सत्र से NSS इकाइयाँ निर्मित कर दी जाएंगी। हमें NCC तथा Rovers and Rangers इकाइयों की स्वीकृति की प्रतीक्षा है। महाविद्यालय में इनकी उपलब्धता हो–इस बारे में भी आपका ध्यान व आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा है।

## धन्यवाद ज्ञापन:

समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं माननीय मुख्य अतिथि श्री विनोद सुल्तानपुरी का एक बार फिर आभार प्रकट करती हूँ कि अपनी अनेक व्यस्तताओं के बावजूद हमारे वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होकर हमारा उत्साहवर्धन किया है । यहाँ उपस्थित समस्त गणमान्य अतिथियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने इस उत्सव में शामिल होकर हमारी खुशियों में अभिवृद्धि की है ।

प्राध्यापक–कर्मचारी वर्ग, अभिभावक–प्राध्यापक संघ के प्रधान एवम् समस्त कार्यकारिणी, मीडिया बंधुओं तथा विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने आज के इस समारोह को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया ।

अन्ततः सभी मेधावी तथा प्रतिभाशाली छात्रा–छात्राएँ बधाई के पात्र हैं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव मिला है । मैं आप सबके सुखद, सफल तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

धन्यवाद।

प्रस्तुति

डॉ. अनीता ठाकुर

प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, सोलन, हि.प्र.

# महाविद्यालय का निर्माणाधीन निजी भवन



